# Facilities

**Facilities**

सुविधायें

शुल्क

निर्धारित शुल्क प्रवेश के समय ही एक किश्त में देय होगा !

निर्धन एवं मेघावी विद्यार्थियों के शुल्क में छूट देने का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित होगा !

प्रवेश होने के पश्चात जमा शुल्क वापस नहीं होगा !

छात्रवृति

निर्धन, योग्य, मेघावी , अनूसूचित जाति/जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग /अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को राजय सरकार द्वारा छात्रवृति प्रदान की जाति है उक्त श्रेणी के विद्यार्थियों को जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा प्रदत्त फार्म भराकर सभी प्रमाणपत्रों एवं बैंक खाता संख्या व जाति प्रमाणपत्र प्रवेश के समय ही देना होगा !

परिचय पत्र

परिचय पत्र सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है इसके पूर्ण और वैध रखने पर ही कोई छात्र/छात्रा अधिकृत समझा जाएगा !

महाविद्यालय में प्रवेश के ३० दिनों के अंदर ही प्रॉक्टर से हस्ताक्षरित परिचय पत्र बनवाना अनिवार्य है

अथवा इसके बाद विलम्ब शुल्क देना होगा इसका परिसर में समय समय पर निरीक्षण किया जाता है अतैव विद्यार्थी इसे सदैव इसे अपने पास रखें !

कोई भी विद्यार्थी कॉलेज का अधिकृत छात्र तभी मन जाएगा ! जब वह मांगने पर अपना परिचय पत्र दिखा सके ! परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में दुबारा परिचय पत्र बनवाने के लिए २०/- का भुगतान करना होगा !

उपस्थिति

इस सन्दर्भ में ७५% प्रति विषय उपस्थिति होने पर ही विद्यार्थी को महाविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी ! साथ ही प्रत्येक विषय (जो विद्यार्थी ने लिए हैं ) के व्याख्यान में उपस्थित होना अनिवार्य है !

अनुशासन समिति

महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने के लिए अनुशासन समिति गठित की गई है !जिसमे कॉलेज के प्राचार्य ,प्रॉक्टर व सभी शिक्षक सदस्य होते हैं जो छात्र/छात्रों पर प्रत्यक्ष रूप से ध्यान

देते हैं इसलिए आवश्यक है की विद्यार्थी कोई भी ऐसा आचरण न करे जिससे अनुशासन समिति को कोई कार्यवाही करनी पड़े !परिसर में कोई भी विद्यार्थी किसी भी प्रकार का अनैतिक आचरण अथवा कोई भी नशा (धूम्रपान, गुटका ) आदि में संलिप्त पाया जाता है तो उस पर अर्थदंड के साथ साथ अनुशासन समिति के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी !

सेमिनार, कक्षाये एवं प्रतियोगिताएँ

इसके अंतर्गत सेमिनार, अतिरिक्त कक्षाओ आदि के साथ साथ हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत भाषाओ में अनेक प्रतियोगिता, यथा-व्याख्यान, वाढ-विवाद, निबंध, कहानी, लेखन, नाटक तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संचालित होते रहते हैं !

पुस्तकालय और वाचनालय

महाविद्यालय में एक सुव्यवस्थित,सुसज्जित व समृद्ध पुस्तकालय एवं वाचनालय है जिसमे सभी विषयों की सन्दर्भ एवं पाठ्य पुस्तके उपलब्ध हैं! प्रत्येक विद्यार्थी काशन मनी का शुल्क २००/- जमा कर पुस्तकालय कार्ड बनवा कर के ही पुस्तक निर्गत करा सकता है !

कार्ड बनने हेतु प्रवेश शुल्क की रसीद एवं परिचय पत्र अनिवार्य है पहली निर्गत पुस्तक लौटने पर ही दूसरी पुस्तक प्राप्त होगी !विलम्ब से पुस्तक जमा करने पर (अधिकतम ७ दिनों तक) १/- प्रतिदिन की दर से अर्थदंड देय होगा ! पुस्तक के खो जाने पर पुस्तक का पूरा मूल्य देय होगा ! पुस्तकालय कार्ड खो जाने की स्थिति में २०/- शुल्क जमा करके दूसरा कार्ड प्राप्त हो सकेगा!

पाठ्य सहगामी कार्यक्रम

कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था कर महाविद्यालय ने विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान जगत से जोड़ने का प्रयास किया है ! परिसर में उत्तर प्रदेश राजश्री टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र स्थापित है ! जिसका लाभ विद्यार्थी ले सकते हैं !इसके अंतर्गत निम्नलिखित संकाय हैं (बी०ए०, बी०काम०, एम०ए०, सी०सी०सी०, कंप्यूटर, सी०सी०वाई०)

योग, पर्यावरण, पर्यटन, व्यक्तित्व विकास इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण अंगो को भी महाविद्यालयों ने अपने कार्यक्रमों में शामिल किया है जिसका लाभ विद्यार्थी समय समय पर ले सकते हैं!

राष्ट्रीय एकता समिति

महाविद्यालय परिसर में धर्म, जाति और भाषा के भेदो से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय विकास कार्यो हेतु राष्ट्रीय एकता समिति का गठन किया गया है ! जिसकी सदस्यता अध्यापको, विद्यार्थियों दोनों को उपलब्ध है ! इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समय समय पर व्याख्यान, सेमिनार, शिक्षा प्रदर्शनी आदि विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था करती है! इस समिति के पदेन अध्यक्ष प्राचार्य हैं !

खेलकूद

महाविद्यालय मे खेलकूद का विस्तृत मैदान उपलब्ध है यहां पर फुटबॉल, वॉलीबॉल,कबड्डी, शतरंज, कैरम ,क्रिकेट बैडमिंटन, हैंडबॉल इत्यादि खेलो की व्यवस्था उपलब्ध है, प्रत्येक वर्ष

आयोजित होने वाले वार्षिक खेलकूद समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाता है जिसमे सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है !

साइकिल स्टैंड

महाविद्यालय में छात्रों की सुविधा के लिए साइकिल स्टैंड की व्यवस्था है जिसमे साइकिल का शुल्क ६०/- व स्कूटर / मोटर साइकिल का शुल्क १००/- प्रतिवर्ष है यह शुल्क जमा करने पर उन्हें टोकन दिया जायेगा टोकन खो जाने पर दूसरा टोकन १०/- जमा करने पर प्राप्त होगा !

परीक्षा

परीक्षा के समय विद्यार्थियों के पास परिचय पत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र एवं फीस रसीद की मूल प्रति का होना अनिवार्य है सभी निर्धारित तिथि तक अपना फार्म भर कर आवश्यक संलग्नो के साथ कार्यालय में जमा कर प्राप्ति रशीद लेकर उसे सुरक्षित रखे जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसे दिखा कर परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त हो सकते हैं परीक्षा फार्म न भरने की स्थिति में वह वार्षिक परीक्षा से वंचित रह जायेंगे इसमें महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी इस परिस्थिति में शुल्क वापसी भी नहीं होगी

सभी विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा सूचित तिथि तक अपना प्रवेश ले लें! परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात

प्रवेश पत्र प्राप्त न हो सकेगा और वे वार्षिक परीक्षा से वंचित रह जाएंगे !

दूरगामी योजना

यह महाविद्यालय अपने भविष्य की योजनाओ के अंतर्गत निम्नलिखित संकायों की मान्यता के लिए प्रयासरत है